<u>संदेश</u>

व्रत और निष्ठा से जुड़े लोक आस्था के पावन पर्व छठ पूजा के अवसर पर, मैं सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं।

छठ पूजा देश के प्राचीनतम त्योहारों में से एक है जिसमें सभी श्रद्धालुगण सूर्यदेव की आराधना करते हैं। इस त्योहार पर हम प्रकृति की अनुपम देन के रूप में नदियों और तालाबों की भी पूजा करते हैं। कठोर उपवास का यह पर्व हमें निर्मल बनाता है और आध्यात्मिक रूप से जागृत करता है।

मानव और प्रकृति के बीच सांमजस्य का यह अनूठा पर्व हमें पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित करता है।

आइए, छठ पूजा के अवसर पर भगवान सूर्य, नदियों और धरती मां के प्रति हम अपनी आस्था प्रकट करें। मेरी कामना है कि यह पर्व हम सभी के जीवन में

खुशहाली लाए तथा हमें प्रकृति का सम्मान करने के लिए प्रेरित करे।

****